# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–19 जुलाई 2025 सान्ध्य समाचार

वाराणसी में आयोजित दो दिवसीय युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन के उद्‌घाटन सत्र में आज देश भर के सौ आध्यात्मिक और सामाजिक–सांस्कृतिक संगठनों के पांच सौ से अधिक युवा प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर केन्द्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए नशामुक्त युवा के महत्व पर जोर दिया। श्री मांडविया ने नागरिकों से राष्ट्र निर्माण को प्राथमिकता देने और नशामुक्त भारत अभियान में शामिल होने की अपील की। उन्होंने सभी लोगों से इस अभियान में अपने साथ कम से कम पांच युवाओं को जोड़ने की शपथ लेने का भी आह्‌वान किया।

*प्रधानमंत्री जी ने कई बार अपने मन की बात में और सार्वजनिक कार्यक्रम में देश के युवा एडिक्शन से दूर रहे नशा मुक्त हो आने वाले दिनों में सरकार की ओर से तो प्रयास हो रहा है। एजुकेशन मिनिस्ट्री अपने ओर से प्रयास करता है, सांस्कृतिक विभाग अपने ओर से प्रयास करता है, राज्य सरकार अपने ओर से प्रयास करती है। हमें हमारे देश को विकसित भारत के सपने को साकार करने के लिए हमें युवा फॉर नशा मुक्ति विकसित भारत बनाना है।*

सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि बदले हुए समय में संस्थाओं और युवाओं की भागीदारी से नशा जैसी महामारी को दूर करने में मदद मिलेगी। सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेन्द्र कुमार ने विभिन्न कार्यक्रमों और पहल के माध्यम से युवाओं में नशे की लत से मुकाबला करने के सरकार के प्रयासों के बारे में जानकारी दी।

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने वाराणसी के आध्यात्मिक महत्व का उल्लेख किया और सम्मेलन के दौरान साझा किए गए संदेशों के स्थायी प्रभाव पर जोर दिया। यह सम्मेलन काशी घोषण पत्र जारी होने के साथ ही कल समाप्त हो जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज केंद्रीय युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री मनसुख मांडविया के एक लेख का उल्लेख करते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि युवा आध्यात्मिक शिखर सम्मेलन नशामुक्त भारत के निर्माण में एक बड़ा कदम है।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंधी–बारिश और ओलावृष्टि के दृष्टिगत सम्बन्धित जनपदों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा है कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर सर्वे करें और राहत कार्य पर नजर रखें। आकाशीय बिजली, आंधी–तूफान और बारिश आदि आपदा से जनहानि और पशुहानि होने की स्थिति में तत्काल प्रभावितों को राहत राशि का वितरण करें। श्री योगी ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जल–जमाव की स्थिति होने पर प्राथमिकता से जल निकासी की व्यवस्था करायी जाय।

**********

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि देश में पहली बुलेट ट्रेन वर्ष दो हजार सत्ताईस में चलाई जाएगी। यह जानकारी उन्होंने आईआईटी–हैदराबाद में आज आयोजित दीक्षांत समारोह को सम्बोधित करते हुए दी। इस अवसर पर उन्होंने यह भी घोषणा की कि देश में इस वर्ष पहली स्वदेशी सेमीकंडक्टर चिप भी तैयार हो जाएगी। श्री वैष्णव ने विश्वास व्यक्त किया कि देश, वर्ष दो हजार सैंतालीस तक विश्व की शीर्ष दो अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो जाएगा।

**********

यमुना एक्सप्रेसवे पर आज सुबह हुई दो अलग–अलग दुर्घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि उन्नीस लोग घायल हो गये। सुबह करीब तीन बजे मथुरा जिले में यमुना एक्सप्रेस–वे के माइलस्टोन संख्या एक सौ चालीस के पास एक मिनी वैन ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर तौर पर घायल हो गये। आज सुबह ही एक अन्य मार्ग दुर्घटना में सत्रह बस यात्री घायल हो गये। यह दुर्घटना सुबह चार बजे तब हुई जब यमुना एक्सप्रेस वे पर ही माइलस्टोन संख्या एक सौ इक्यावन के पास दिल्ली से मध्य प्रदेश जा रही एक यात्री बस पलट गई। मथुरा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि दुर्घटना में घायल हुए लोगों का इलाज कराया जा रहा है।

*पहला एक्सीडेंट 140 माइलस्टोन पर रात्रि तीन बजे इसमें चलती इको का सामने चल रहे ट्रक में जाकर घुस गई, संभवत ड्राइवर को नींद आने के चलते यह घटना हुई है। घायल को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। दूसरी घटना 151 माइलस्टोन पर रात्रि चार बजे के करीब यह घटना हुई, इसमें एक प्राइवेट बस है उसमें भी ड्राइवर को मोस्ट प्रोबेबली नींद आने के कारण यह बस ऑवर टर्न कर गई जिससे कि उसमें सवार लोग मध्य प्रदेश जा रहे थे। इसमें घायल हैं उनको अस्पताल में भर्ती कराया गया।*

**********

अयोध्या में श्रीराम मंदिर के परिसर का निर्माण कार्य दिसम्बर दो हजार पचीस तक पूरा हो जाएगा। यह जानकारी श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने दी। समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक से पहले उन्होंने बताया कि मार्च दो हजार छब्बीस तक श्रद्धालुओं के लिए संग्रहालय खोलने का भी लक्ष्य रखा गया है। श्री मिश्र ने बताया कि अगले पंद्रह दिनों के भीतर मंदिर परिसर की चार किलोमीटर लंबी बाउंड्री वॉल का निर्माण भी शुरू कर दिया जाएगा। इसमें अत्याधुनिक सुरक्षा उपकरण, सेंसर और वॉच टॉवर लगाए जाएंगे।

**********